**खबर संक्षेप**

## फेक न्यूज का प्रचार-प्रसार दंडनीय-अपर कलेक्टर

**मण्डला।** जिला योजना भवन में मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह ने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए कलेक्टर महोदय द्वारा फेक न्यूज के प्रचार-प्रसार करने वालों को दंडित किये जाने का आदेश जारी किया गया है। मीडिया के सभी साथियों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की खबरों का प्रकाशन/प्रसारण बिना आधिकारिक सत्यापन के न कराएं। भ्रामक तथा अपुष्ट समाचारों के मीडिया अथवा सोशल मीडिया में प्रकाशन/प्रसारण के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दंडित किया जायेगा। अपर कलेक्टर ने समस्त मीडियाकर्मियों से अपील करते हुए कहा कि मीडिया प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी है, साथ ही वह जनसामान्य से सीधा जुड़ाव रखता है इसलिए मीडिया के हमारे साथियों की राष्ट्रहित में नैतिक जिम्मेदारी है कि इस महत्वपूर्ण समय में न सिर्फ सत्यापित समाचारों का प्रकाशन/प्रसारण करें वरन किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेशों की जानकारी मिलने पर तत्काल जिला कंट्रोल रूम को सूचित कर शासन/प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे सहित जिले के वरिष्ठ मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## शत प्रतिशत परिवारों का खाद्यान्न ई-केवायसी पूर्ण करें-सीईओ जिला पंचायत

**मण्डला।** नैनपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ग्राम गौरछापर में खाद्यान्न ई-केवायसी केम्प में पहुंचे। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि शत प्रतिशत परिवारों का खाद्यान्न ई-केवायसी पूर्ण करें। आगामी एक जून से स्मार्ट पीडीएस सिस्टम शुरू होने जा रहा है, ऐसे में यदि किसी परिवार का ईकेवायसी लंबित रहेगा तो वह खाद्यान्न से वंचित हो जाएगा।

## जयप्रकाश अग्रवाल का निधन



**मण्डला।** बिंझिया निवासी जयेश अग्रवाल के पिता एवं अनाज तिलहन व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल का 73 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज रविवार को सुबह 10 बजे निज निवास स्टेट बैंक कॉलोनी बिंझिया से खैरी मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान-नदी में हुआ श्रमदान



**भूमि न्यूज:मण्डला/नारायणगंज।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में नारायणगंज विकासखंड में प्रतिदिन जागरूकता के कार्य गतिविधि के रूप हो रहे हैं। म.प्र. जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी व विकासखंड समन्वयक अनिल मेहरा के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें ग्रामीण जनों, CMCLDP छात्र छात्राओं तथा परामर्शदाताओं नवांकुर संस्था पड़रिया ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया इस दौरान नवांकुर संस्था पड़रिया ने जल के महत्व को सबके सामने साझा किया और विनम्र अपील की कि जल का सदैव उपयोग करें न कि दुरुपयोग जल को सहेजे संचित करें ताकि आने वाला कल त्रासदी से बच सके। परामर्शदाताओं के द्वारा बताया गया कि हम सभी को जीवित रहने के लिए पानी की बहुत आवश्यकता है नदियाँ दुनिया भर के लोगों के लिए ताज़ा पीने के पानी का अनमोल स्रोत हैं। हमारे दादा पानी नदियों में देखा है, हमारे पिता ने पानी कुआं, तालाब में देखा और हम पानी बोतल में देख रहे हैं। हम सबका कर्तव्य है कि जल स्रोतों का संरक्षण करें।

### प्रशासन का सराहनीय कदम, नर्मदा संरक्षण के प्रति होना होगा गंभीर

# रपटा घाट का बदल रहा स्वरूप

*** सिर्फ प्रशासन नहीं हम सभी को करना होगा प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



माँ नर्मदा निश्चित रूप से हमारे जिले के लिये और हमारे नगर के लिये जीवनदायिनी है। जो कुछ भी है इन्हीं से है वरना कल्पना करके देखिये कि माँ नर्मदा के बिना इस शहर की क्या सूरत होगी?

माँ नर्मदा ने हमारे नगर को तीनों ओर से आर्शीवाद प्रदान किया है आधा सैकड़ा से अधिक घाट तटों पर बने हुये है जहां पर वर्ष भर स्नान एवं धार्मिक आयोजन, पूजन-पाठ होते रहते हैं।

बीतते समय के साथ-साथ इनमें से अधिकांश घाटों की स्थिति जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है कुछ तो मिट्टी में दफन हो चुके हैं और कुछ इस स्थिति में पहुंच गये हैं कि यदि इनकी देखभाल या इनका जीर्णोद्धार नहीं कराया गया तो ये इतिहास में दर्ज होकर रह जायेंगे।

### प्रशासन को साधुवाद

देवउठनी ग्यारस से रपटा धाम जिसे महिष्मती घाट के नाम से जाना जाता है यहां पंचचौकी आरती शासन प्रशासन के प्रयास से प्रारंभ की गई अब यहां आरती का सौन्द्रर्य उन धार्मिक नगरी की तरह नजर आता है जैसा हरिद्वार, काशी एवं संस्कारधानी में नजर आता रहा है।

इस महिष्मती घाट को शानदार लाल राजस्थानी पत्थरों से सजाया भी जा रहा है सुन्दर स्वागत द्वार बनाये जा रहे हैं और इस कड़ी में एक और प्रयास प्रशासन द्वारा किया गया जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है वह यह है कि महिष्मती घाट में जहां गर्मी के इन दिनों में जल स्तर बहुत कम हो जाता था माँ नर्मदा की एक छोटी सी धारा ही सतत प्रवाहित होती थी प्रशासन के द्वारा मशीनों के माध्यम से इस घाट के मलबे को निकाला गया और माँ नर्मदा के धारा की चौड़ाई बढ़ाने का प्रयास किया गया इस प्रयास में सफलता भी मिली और अब महिष्मती घाट में माँ नर्मदा का आंचल बड़ा नजर आ रहा है अविरल जल की धारा भी निरंतर प्रवाहित हो रही है स्नान में जहां सुविधा होती है वहीं देखने में यह दृश्य मन को अत्यंत भाता है।

### मलबा क्या उठाया जायेगा

महिष्मती घाट के अंदर पड़े मलबे को निकालकर बीच में ही एकत्रित किया गया है इस मलबे में बड़े-बड़े पत्थर, मुर्रम, बोल्डर इत्यादि शामिल हैं यह एक पहाड़नुमा संरचना घाट के किनारे नजर आ रही है प्रत्येक नर्मदा भक्त यही जानना चाहता है इस मलबे का प्रशासन क्या करेगा क्या इसे यहां से उठाकर अन्यत्र कहीं डाला जायेगा और यदि ऐसा करना है तो यह प्रयास शीघ्र ही करना होगा अन्यथा बाढ़ की स्थिति में यह मलबा बहकर पहले की स्थिति निर्मित कर सकता है।

### क्यों घाटों पर हो रहा भराव

मण्डला नगर ने इतिहास में बड़ी-बड़ी बाढ़ की स्थिति को झेला है बावजूद इसके नर्मदा घाटों की स्थिति ऐसी नहीं होती थी जैसी पिछले कुछ वर्षो में हुई है इसके पीछे जो कारण है उस पर गंभीरता से हम सभी को विचार करना होगा। एक छोटा सा उदाहरण है पीपरपानी पुल के निर्माण के दौरान जिस तरह निर्माण स्थल पर निर्माण एजेंसी द्वारा हजारो डम्फर मिट्टी, मुर्रम डालकर माँ नर्मदा की धारा को परिवर्तित किया था एवं इस मिट्टी, मुर्रम को बाढ़ के पूर्व उठाया नहीं यही कारण है कि बाढ़ के दौरान यह मलबा आगे बढ़कर जहां सूर्यकुण्ड में तीन टापू का निर्माण करा गया वहीं महाराजपुर संगम स्थल पर घाटों से नर्मदा जल को भी दूर कर दिया। अब घाटों एवं नर्मदा जल के बीच मिट्टी का इतना अधिक भराव हो चुका है कि उसे समाप्त करना एक बहुत बड़ा चुनौति है। विकास आवश्यक है लेकिन विकास के दौरान भविष्य की समस्याओं पर भी विचार होना चाहिये। शासन-प्रशासन को विशेष रूप से नर्मदा संरक्षण की दिशा में किसी भी स्थिति से समझौता नहीं करना चाहिये लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा।

### रेत उत्खनन से बढ़ रहा खतरा

नर्मदा नदी के अंदर से जिस तरह मशीनों के माध्यम से रेत का उत्खनन किया जा रहा है यह आने वाले खतरे को बढ़ाता दिखाई दे रहा है। माँ नर्मदा के अंदर जबरदस्त पुराव कर बड़े-बड़े रास्ते बनाये गये हैं जिनके ऊपर से बड़े-बड़े वाहन दिनभर धमाचौकड़ी मचाते हैं डम्फरों के माध्यम से नर्मदा से निकाली गई गीली रेत परिवहन की जा रही है नर्मदा नदी के अंदर सैकड़ों डम्फर मिट्टी, मुर्रम डाली गई है यह आगे चलकर माँ नर्मदा के स्वरूप को प्रभावित करेगी एक ओर तो महिष्मती घाट में नर्मदा नदी के अंदर से प्रशासन मलबा निकाल रहा है वहीं दूसरी ओर नर्मदा नदी के अंदर रेत ठेकेदार द्वारा मलबा डाला जा रहा है और उसे रोक पाने की नियत या हिम्मत प्रशासन की नहीं हो रही। इस दोहरे चरित्र को लेकर भी नर्मदा भक्तों में संशय बना हुआ है।


### नर्मदा भक्तों एवं संतों को आगे आना होगा

नर्मदा संरक्षण को लेकर सिर्फ शासन-प्रशासन के भरोसे बैठे रहने से काम नहीं चलना वाला इसके लिये नर्मदा भक्तों को और स्थानीय संतों को आगे आना होगा लोगों में जागरूकता लानी होगी प्रशासन को मजबूर करना होगा कि वह नर्मदा संरक्षण को लेकर गंभीर हो न कि रेत ठेकेदारों के प्रति बफादार?





## दीवार में सुरंग बनाकर सराफा दुकान में चोरी



**मण्डला।** महाराजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पुरवा में गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात सराफा दुकान में चोरों ने अपनी करामात दिखाई इसकी जानकारी शनिवार की सुबह उस समय लगी जब दुकान मालिक दुकान आकर खोला और देखा कि पीछे दीवार में एक बड़ा छेद नजर आ रहा है और फिर दुकान के अंदर रखा समान गायब मिला साथ ही ड्राज में रखी नकद राशि गायब नजर आई। घटना के बारे में दुकान संचालक सौरभी सोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 08 मई की शाम जब वह दुकान बंद करके गया एवं शुक्रवार को अवकाश रहने के कारण दुकान नहीं खोला शनिवार की सुबह जब उसने दुकान खोली तो पीछे की दीवार में छेद दिखाई दिया दुकान का समान रहा जिसमें चादी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति एवं ड्राज में रखे बीस हजार रूपये गायब पाये गये सौरभ सोनी की इस शिकायत पर थाना महाराजपुर ने अज्ञात चोर के नाम शिकायत दर्ज की है एवं मामले को जांच में लिया है गायब समान में 10 नगर चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, 01 नग सोने का मंगलसूत्र एवं नकद 20 हजार रूपये शामिल है। चोरी के दौरान दुकान में लगा सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज भी सामने आ चुकी है जिसमें दुकान के पीछे छेद से एक युवक अंदर आता दिखाई दे रहा है जिसने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ है एवं उसका दूसरा साथी बाहर ही खड़ा है जिसे वह दुकान का समान निकाल-निकालकर देता जा रहा है।

## बिछिया में आयोजित हुई नेशनल लोक अदालत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड भुआ बिछिया / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति भुआ बिछिया जिला मंडला मध्य प्रदेश मीनल गाजबीर के मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय भुआ बिछिया में लंबित 53 प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था जिसमें से 23 सिविल एवं दांडिक प्रकरण सफलतापूर्वक निराकृत हुए जिससे लगभग 80 पक्षकार लाभान्वित हुए न्यायालय व अधिवक्तागण बिछिया जेपीएन मिश्रा संदीप पटेल दिलीप कोर्बे के द्वारा समझाइस देने पर विभिन्न डांडिक प्रकरणों में जिसमें परिवार के सदस्य पक्षकार रहे हैं आपसी सहमति से राजीनामा कर अपने पूर्व के मतभेद बुलाकर एवं भविष्य में सोहाद्र पूर्ण जीवन यापन करने का प्रण लिया अधिवक्ता संघ भुआबिछिया के अध्यक्ष श विजय चौरसिया तथा समस्त अधिवक्तागण की उपस्थिति में न्यायाधीश महोदय द्वारा उक्त पक्षकारों को सुख में एवं उज्जवल भविष्य की कामना स्वरूप उन्हें पौधे भेंट किये गए प्रीलिटिगेशन मामलों में तहसील बिछिया अंतर्गत संबंधित बैंकों एवं नगर परिषद में रखे गए मामलों से 3,33'970 रु की राशि का लाभ शासन को प्राप्त हुआ।

## बीच रोड में फिर लगने लगी सब्जी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



बस स्टैंड नारायणगंज से में मार्केट में बीच रोड में सब्जी की दुकान विगत कई महीनो से इन्हें हटाया जा रहा है पर इनकी मनमानी के कारण अतिक्रमण बीच रोड में लगा रहे हैं अधिकारी द्वारा सब्जी दुकान विगत दिनौ हटाई गई परंतु उसका असर कुछ नहीं हुआ एक-दो दिन न लगाने के बाद पुनः फिर बीच सड़क में सब्जी के ठेले सज गए और जगह-जगह पाल पर्दे लगाए जा रहे हैं जिसके कारण आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अधिकारी एवं पंचायत की बात इन ठेले वालों को समझ में नहीं आ रही है बार-बार निवेदन एवं कार्यवाही करने के बाद भी इन पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है अधिकारियों द्वारा मना करने पर भी यह लोग अपनी जिद पर अड़े हैं और भी सड़क में कब्जा जमा कर सब्जी बेच रहे हैं इन सब्जी ठेले बालों पर सख्त कार्रवाई न होने के कारण इन्हें बार-बार नोटिस थमा दिया जाता है और कठोर कार्रवाई न होने के कारण इन्हें इन पर कोई नोटिस का असर नहीं होता 181 लोगों ने समस्या का निदान लगाने के लिए लगाई गई थी परंतु अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा 181 लगाने वाले पर दबाव डाला जा रहा है और वापस लेने के लिए कहा जा रहा है परंतु जिस समस्या के लिए आम जनता 181 लगाई है वह समस्या दूर ही नहीं हो रही है तो वापस लेने का क्या सवाल होता हैअतः अधिकारियों को इन ठेले वालों पर सख्त कार्रवाई एवं जहां पर पंचायत द्वारा निर्धारित जगह दी गई है वहां पर इन्हें सब्जी ठेले वालों को लगाया जाए एवं जो लोग इस कार्यवाही पर बाधा उत्पन्न कर रहे हैं उन पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए में रोड में सब्जी वाले तो ठीक है परंतु में दुकानदार भी रोड पर कब्जा जमाए हुए हैं दुकान के सामने 10-10 फीट अधिक जगह में लगाकर रोड को पर कब्जा जमाए हुए हैं जिससे आने-जाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सब्जी ठेले बालों के सामने गुंडागर्दी कर रहे ठेले बालों पर कर्मचारी अधिकारी नतमस्तक हो रहे हैं अतः उच्च अधिकारी से निवेदन है कि शीघ्र ही अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए जिससे दोबारा वह नियमों का उल्लंघन न कर और ठेले ना लगे



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत जिले में सामूहिक विवाह 13 से 15 मई तक

**डिंडौरी ।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत जिले में 13, 14 एवं 15 मई को सामूहिक विवाह आयोजनों का आयोजन किया जाएगा। ये कार्यक्रम क्रमशः शाहपुरा, अमरपुर एवं डिंडोरी में संपन्न होंगे, जिनमें जिले के समस्त पात्र हितग्राही भाग ले सकेंगे। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सामूहिक रूप से विवाह कराकर उन्हें सामाजिक व आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। इच्छुक लाभार्थी शीघ्र ही अपनी संबंधित ग्राम पंचायत में आवेदन जमा करें।
**पात्रता शर्तें:** वधू की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। वधू का निवासी डिंडोरी जिले का होना आवश्यक है। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो आदि संलग्न करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए ग्राम पंचायत सचिव या जनपद पंचायत कार्यालय से संपर्क करें।

### गायों को हरी सब्जियां खिलाकर शिव मारुति युवा संगठन ने मनाया स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर (अनूपपुर) ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर गौ माताओं को हरी सब्जियां और फल फूल खिलाया। शिव मारुति युवा संगठन अध्यक्ष ने बताया कि शिव मारूति युवा संगठन ने 8 मई को सेवा के एक वर्ष पूरे कर लिए है। उन्होंने बताया कि हमने अपने एक वर्षीय कार्यकाल में 500 से अधिक गौ वंशो का रेस्क्यू किया,100 यूनिट से अधिक निःशुल्क रक्तदान, 200 से अधिक वृक्षारोपण, 100 नाद का वितरण, 1000 से अधिक रेडियम बेल्ट का वितरण,प्रत्येक शनिवार को भंडारा और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। इसी कड़ी में शिव मारूति युवा संगठन के वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर हमारी टीम के द्वारा रोड पर निराश्रित गौवंशो हेतु भंडारे का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों एवं जनमानस के सहयोग से एक वर्ष पूर्ण हुए इसका उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा गया कि आपका सहयोग कार्य की ऊर्जा और गति प्रदान करता है।

### लोक अदालत ने छह साल पुराने गाँव के विवाद को सुलझाया

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** छह साल से चले आ रहे जिले के तहसील कोतमा के ग्राम सकोला के एक पुराने विवाद को लोक अदालत ने सुलझा दिया है, जिससे दो परिवारों के बीच की दुश्मनी अब मिट गई है और गाँव में एक बार फिर शांति कायम हुई है। यह विवाद वर्ष 2019 में गांव के मामूली विवाद को लेकर शुरू हुआ था। मामला पुलिस और निचली अदालत तक पहुँचा, लेकिन न्याय की प्रक्रिया लंबी खिंचती रही आखिरकार, लोक अदालत ने इस मामले को सुना और दोनों पक्षों को समझौते के लिए राजी किया। दोनों पक्ष छह साल पुरानी दुश्मनी को भुलाकर एक-दूसरे से गले मिले। यह कार्य लोक अदालत के माध्यम से संभव हो सका लोक अदालत के न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा ने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ कानूनी विवाद सुलझाना नहीं, बल्कि लोगों के दिलों को जोड़ना भी है। इस तरह, लोक अदालत ने न सिर्फ एक वर्षों पुराने विवाद को सुलझाया, बल्कि गाँव में शांति और एकता की मिसाल भी पेश की।

### बिजली हब बनने जा रहा अनूपपुर जिला

**अनूपपुर।** कोतमा तहसील अंतर्गत वर्तमान में संचालित कोयला खदानें बंद होने की कगार पर हैं कुछ तो बंद हो गई है जिसके कारण क्षेत्र का विकास रुकने की कगार पर है लोग रोजगार के लिए दूसरे जगह पलायन कर रहे हैं। वर्तमान में कोतमा एवं बिजुरी का व्यापार में कमी आती जा रही है जिसको देखते हुए क्षेत्र के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री के द्वारा अदानी समूह को पत्राचार भी किया गया था और विधानसभा क्षेत्र के उमरदा मझौली में रुके पड़े पावर प्लांट को जा एलडी संचालित करवाये जाने के लिए जल्दी ही प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई थी।

# पुलिस ने 24 घंटे में हत्या का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलगांव में शुक्रवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव गांव के शौचालय के पास पड़ा हुआ था।

**हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी ।**



सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अनुराग जामदार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान करण सिंह पिता विष्णु सिंह भवेदी उम्र 45 वर्ष निवासी बिलगांव के रूप में की गई।परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताने पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें पेट में गंभीर चोट के चलते आंतरिक रक्तस्राव को मृत्यु का कारण बताया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना शहपुरा में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं एसडीओपी शहपुरा मुकेश अविद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया।

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना वाले दिन मृतक, गांव के ही गोचू उर्फ राजकुमार परस्ते पिता जगनलाल परस्ते (उम्र 33 वर्ष) के साथ शराब का सेवन कर रहा था। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि शराब के नशे में दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके चलते उसने मारपीट कर करण सिंह की हत्या कर दी और पहचान छुपाने के उद्देश्य से शव को शौचालय के पास फेंक दिया।पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। टीम की सराहनीय भूमिका इस पूरे प्रकरण के सफल खुलासे में थाना प्रभारी शहपुरा उपनिरीक्षक अनुराग जामदार, सउनि राकेश यादव, सउनि नंदकिशोर झारिया, प्रआर 305 राघवेंद्र, प्रआर 73 प्रवीण तथा लोकेंद्र कृष्ण कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




## नगर में चल रहे करोड़ों के विकास कार्य मगर नहीं रखा जा रहा गुणवत्ता का ध्यान

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** अनूपपुर जिले के नगर पालिका परिषद बिजुरी मैं करोड़ो रुपए के विकास के कार्य चल रहे हैं, वार्ड क्रमांक 9,10, 11,12, मैं नाली का निर्माण, सड़कों का निर्माण, तालाबों का सौन्दर्यकरण सहित कई विकास कार्य प्रगति पर है मगर ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किए जाने से निर्माण कार्यों के मजबूती पर प्रश्न चिन्ह खड़े होने लगे हैं, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है, नगर पालिका परिषद बिजुरी जो नगर के विकास हेतु प्रत्येक वार्डों में विकास हेतु करोड़ों के टेंडर निकालकर नगर के विकास हेतु कृत संकल्पित है, मगर ठेकेदारों द्वारा अपनी आपस की प्रति स्पर्धा की लड़ाई में उन टेंडरो को बिलो में भरकर टेंडर को तो पा जाते हैं, व बिलो टेंडर पाने के कारण कार्यों की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करते हुए गुणवत्ता विहीन कार्य करवाया जा रहा है, नगर पालिका के अधिकारी भी नगर मैं हो रहे गुणवत्ता विहीन कार्यों का निरीक्षण न किए जाने से ठेकेदार के हौसले बुलंद रहते हैं, ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किए जाने से जहां एक और नगर में रोष व्याप्त है वही नगर पालिका अधिकारियों के प्रति भी लोगों में विस्वास खत्म होता जा रहा है, नगर की जनता जिला कलेक्टर से नगर हित में मांग करती है कि नगर पालिका परिषद बिजुरी में चल रहे निर्माण कार्यों की एक विशेष टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच कराई जाए गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य पाए जाने पर ठेकेदार की विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

# जिले में तीन बाल विवाह रोकने में प्रशासन को मिली सफलता

## विभाग की तत्परता से समय रहते टाली गई नाबालिगों की शादियां

**हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी ।**



जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। हाल ही में करंजिया परियोजनाओं में बाल विवाह के तीन मामलों को समय रहते रोकने में महिला एवं बाल विकास विभाग को सफलता मिली है।

पहला मामला डिंडोरी परियोजना के नुनखान सेक्टर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र नुनखान बैगान टोला का है, जहां दो नाबालिग लड़कों की शादी की तैयारी चल रही थी। जैसे ही इस मामले की जानकारी मिली, महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर दोनों बाल विवाहों को रुकवाया।इसी तरह करंजिया परियोजना के बरबसपुर गांव में एक अन्य नाबालिग लड़के की शादी कराए जाने की सूचना मिली। विभाग ने तत्परता दिखाते हुए विवाह से पहले ही मौके पर पहुंचकर इसे भी रोक दिया। सभी मामलों में संबंधित परिवारों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत समझाइश दी गई तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला प्रशासन की अपील जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ सजग रहें। यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत स्थानीय प्रशासन, बाल विकास परियोजना अधिकारी या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करें। अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा सेवा हेतु विशेष डॉक्टर टीम तैनात करने के निर्देश दिए गए। होस्टलों में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए महिला व पुरुष शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को कहा गया। साइबर टीम को सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों की निगरानी रखने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर गतिविधियों की निगरानी के लिए स्थानीय टीमें गठित करने के निर्देश भी दिए गए।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना शाहपुरा द्वारा 2023 में गुम हुए नाबालिक बालिका को किया दस्तयाब



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी**

ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अभियान चलाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी श्रीमती वाहनी सिंह के आदेशानुसार समस्त थाना /चौकी को उक्त अभियान के तहत त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के आदेश दिये गये हैं जिसके तारतम्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी डॉ. अमित वर्मा के निर्देशन एवं अनु.अधि.(पुलिस) शहपुरा श्री मुकेश अबिंद्रा के मार्गदर्शन में थाना शहपुरा द्वारा गुमशुदा बालिका की जानकारी गुजरात में होना पाया गया, जिस पर कार्यवाही कार्य हुए बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी शहपुरा अनुराग जामदार , एएसआई रुक्मणी पाशी, महिमा भगत,गोविंद चौरे,साइबर सेल से प्र.आर.202 मुकेश प्रधान, आर. 20 जगदीश की विशेष भूमिका रही ।



## शोकाकुल परिवार को दी गई आर्थिक सहयोग

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**

विगत 27 अप्रैल को अंगद सिंह धुर्वे प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला बड़ेटोला डुलहरी विकासखंड मेहदवानी का आकस्मिक निधन हो गया था।जिनके दशगात्र कार्यक्रम 13 मई दिन मंगलवार को रखा गया है । इस दुख की घड़ी में शनिवार को विकास खंड मेंहदवानी के शिक्षक संघ द्वारा सहयोग करते हुए साथी दिवंगत शिक्षक अंगद सिंह धुर्वे के गृह ग्राम डुलहरी जाकर शोकाकुल परिवार को 34401 /- चौंतीस हजार चार सौ एक रूपये की सहयोग राशि प्रदान करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की गई।

# नागरिक सुरक्षा के समुचित प्रबंध की तैयारी तथा निगरानी रखें अधिकारी- पुलिस अधीक्षक

### नागरिक सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध तथा जागरूकता के कलेक्टर के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए जिले में आपदा प्रबंधन के तहत नागरिक सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए हैं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन बैठक में सर्व संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद इसरार मंसूरी सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व सर्व संबंधित विभागों के अधिकारी व औद्योगिक संस्थानों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आपदा प्रबंधन के तहत की जाने वाली सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं उन्होंने कहा है कि राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए उन्होंने बैठक में जिले में आवश्यक सेवाओं की समुचित व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाओं के तहत चिकित्सालय मे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ की शत प्रतिशत उपस्थिति तथा आपदा प्रबंधन के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने नगरीय निकायों में मॉक ड्रिल की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, फायर ब्रिगेड, सफाई अमला, पेयजल तथा शेल्टर पॉइंट निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए हैं उन्होंने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग को आवश्यक राशन व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित पंचायत ग्रामीण विकास, उर्जा तथा आपदा प्रबंधन के अंतर्गत की जाने वाली सभी कार्यवाहियों के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने सभी अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों को जिला आपदा प्रबंधन कार्य योजना के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए24×7 जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा कंट्रोल रूम के संपर्क नंबर का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने हॉस्पिटल बिल्डिंग के ऊपरी छत पर रेड कलर से रेड क्रॉस का निशान सुरक्षा के दृष्टि से लगाए जाने के निर्देश दिए हैं उन्होंने आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं, ऑक्सीजन व रक्त की पर्याप्त उपलब्धता स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा कर्मियों के तैनाती, मॉक ड्रिल, साफ सफाई, फायर ब्रिगेड आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया उन्होंने औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत लोगों तथा संविदाकार के स्टाफ का सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए उन्होंने बैठक में पुलिस अधिकारियों को बलवा सुरक्षा प्रबंधन का रिव्यू, सुरक्षा के लिहाज से मोबाइल सिम सेलर से सिम विक्रय की आवश्यक जानकारी रखने तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक आदि में किसी तरह की भ्रामक पोस्ट ना हो इस पर नजर रखने के भी निर्देश दिए हैं।



## राजेन्द्रग्राम पुलिस ने 152 लीटर अवैध शराब किया जप्त

### फरार आरोपी चालक 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** 8 मई को मुखबिर से सूचना मिली की एक सफेद रंग की बोलेरो जिसका नंबर **MP** 18 **T** 3186 है जिसमें अवैध शराब लेकर अनूपपुर तरफ से आकर धनपुरी मजीठा रोड तरफ जा रही है तभी थाना राजेन्द्रग्राम की पुलिस द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुये तत्काल मौके पर रवाना होकर धनपुरी रोड पहुंचे तो एक सफेद रंग की बोलेरो काफी तेजी से भागते दिखा जिसका पीछा किये तो उक्त बोलेरो वाहन मजीठा रोड तरफ जाते दिखी तब मजीठा गांव की रोड पर बोलेरो वाहन का पीछा किये तो उक्त बोलेरो वाहन का चालक पुलिस को देखकर तेजी से वाहन को चलाते हुये मजीठा हार की तरफ जाने वाले रास्ते पर ले गया मजीठा हार में बनी पुरानी सूखी नहर के आगे रास्ता न होने से नहर के पास बोलेरो को छोड़कर जंगल तरफ तेजी से भागा जिसका पीछा किये किन्तु जंगल झाड़ियों का फायदा उठाकर भागकर फरार हो गया। मौके पर वाहन की तलाशी ली गयी, वाहन के पीछे की सीट पर 14 नग कार्टून की पेटी में देशी/अंग्रेजी शराब भरा होना पाया गया। प्रत्येक कार्टून को चेक करने पर देशी प्लेन मदिरा के पाव 50 नग प्रत्येक पाव में 180 **ML** शराब प्रत्येक की कीमत 70 रूपये कुल कीमती 3500/- रूपये की, दो कार्टून में अंग्रेजी शराब जीनियस व्हिस्की कंपनी की 99 नग प्रत्येक 180 **ML** शराब प्रत्येक की कीमत 130 रूपये कुल कीमती 12870/-रूपये की, 02 कागज के कार्टून में अंग्रेजी शराब ब्लूचिप कंपनी की 97 नग प्रत्येक 180 **ML** शराब प्रत्येक की कीमत 130 रूपये कुल कीमती 12610/- रूपये की तथा 09 कागज के कार्टून में अंग्रेजी शराब बीयर पावर 10000 कंपनी की 216 नग प्रत्येक 500 **ML** शराब प्रत्येक की कीमत 120 रूपये कुल कीमती 25920/- रूपये की कुल देशी/अंग्रेजी शराब 152 लीटर 280 **ML** कुल कीमती 54,900/- रूपये का एवं एक बोलेरो वाहन क्रमांक **MP** 18 **T** 3186 कीमती 8,00,000 को मौके से जप्त किया गया। वाहन बोलेरो क्रमांक **MP** 18 **T** 3186 के फरार आरोपी चालक का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का दंडनीय पाये जाने से अपराध क्रमांक 91/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पशु तस्करों पर कडी कार्यवाही न होने पर हिंदूवादी संगठन ने दिया धरना

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पिछले एक सप्ताह से पशु तस्करी को लेकर चर्चित कोतमा थाना अंतर्गत शनिवार को प्रशासन द्वारा माफिया अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू एवं मो वाजिद के ठिकानों पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था लेकिन कानूनी दांवपेंच में उलझी प्रकिया का हवाला देकर करवाई ना होने से नगर में आक्रोश फैल गया। हिंदूवादी संगठन एवं समाजसेवियों द्वारा प्रशासन के खिलाफ नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई। आक्रोश बढ़ता देख नायब तहसीलदार राजेन्द्र पनिका एवं थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह टीम के साथ अनशन स्थल पहुंच चर्चा की गई। इस दौरान जिम्मेदार नपा अधिकारी नदारत रहे। अनशनकारी नवल सराफ, धर्मेंद्र वर्मा, सुदर्शन रैकवार, कल्याण सिंह, प्रदीप उपाध्याय, देवशरण सिंह,राजीव गर्ग, शिवम पांडे सहित अन्य लोगों का कहना है कि उत्तरप्रदेश से आकर कोतमा में लंबे समय से पशु तस्करी का ठिकाना बना चुके माफियाओं के अड्डे से लोड पिस्टल, कच्चा मांस, मवेशी, गाड़िया एवं आरोपी मिलने के बाद भी सरगना का ना पकड़ा जाना प्रशासन की सांठगांठ उजागर करता है। मामले को लेकर थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह का कहना है कि अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू 30 एवं मो वाजिद 28 की गिरफ्तारी को लेकर लगातार टीम तलाश कर रही है। अपराधिक रिकॉर्ड जुटाते हुए जिलाबदर की कार्यवाही भेजी गई गई है। आक्रोशित लोगों के द्वारा नपा, राजस्व एवं पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर माफियाओं को संरक्षण देने की आरोप लगाया।

## खबर संक्षेप

### गृहे गृहे गायत्री यज्ञ 12 मई को

**हरिभूमि न्यूज तेंदूखेड़ा ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता गायत्री माता और समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाये जाने की कल्पना को साकार करते हुए संपूर्ण विश्व में लाखों घरों में एक ही दिन एक ही समय में 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन विगत वर्षों के अनुसार यह आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिजनों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इस महाआयोजन के जहां आध्यात्मिक कारण भी है । वहीं वातावरण के परिशोधन पर्यावरण सुरक्षा देव परिवार निर्माण वैचारिक उत्कृष्टता संस्कारों की पुर्नस्थापना आत्मशक्ति के अभ्युदय समर्थ राष्ट्र निर्माण बुद्धि के विकास सुख शांति लाने सहित विभिन्न प्रकार के वायरसों से मुक्ति पाने और यज्ञ साधना से इम्युनिटी बढ़ाने को लेकर एक साथ सभी लोगों के सहयोग से यह आयोजन किए जा रहे हैं। प्रत्येक गांव और घर में गायत्री परिवार के परिजन प्रज्ञा मंडलों के द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अपने अपने घरों मे गायत्री यज्ञ करने की अपील की है। इसी सिलसिले मे गायत्री परिवार तेंदूखेड़ा द्वारा तैयारियों को लेकर क्षेत्रीय प्रज्ञा मंडलों द्वारा आवश्यक बैठक कर 12 मई को बृहद आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियां की गई है।

### मुख्यमंत्री से मिले विधायक



**हरिभूमि न्यूज तेंदूखेड़ा ।** विगत दिनों तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल अपने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डा मोहन यादव से सौजन्य भेंट करते हुए क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र निराकरण की बात कही।इसी दौरान उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं मंत्री विश्वास सारंग मंत्री करण सिंह वर्मा से भी मिले उनके विभाग से संबंधित समस्याओं को अवगत कराया और शीघ्र निराकरण की मांग की है।

### स्वयं स्वरित का सुयश

**हरिभूमि न्यूज तेंदूखेड़ा ।** विगत दिनों घोषित हुए हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित कठल परिवार के दोनों जुड़वां भाईयों ने कक्षा दसवीं में स्वयं पिता नितिन जैन ने 487 और स्वरित पिता नितिन जैन ने 458 अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है।

### विधायक ने मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज तेंदूखेड़ा ।** विगत दिवस घोषित हुए हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा परिणामों के तहत तेंदूखेड़ा क्षेत्र से सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रदेश और जिले में श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने तेंदूखेड़ा स्थित अपने कार्यालय में बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उन्हें सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

## पत्नी के नाम पर करोड़ों की 2 फैक्ट्री का खुलासा

# असिस्टेंट इंजीनियर के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू का छापा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार की सुबह आर्थिक अपराध अन्वेषण विभाग की टीम द्वारा छापा मारकर जांच पड़ताल शुरू की जिसमें कई बड़े राज खुलने की संभावना बनी हुई है। ईओडब्ल्यू की टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है।





मिली जानकारी के अनुसार बिजली कंपनी के असिटटेंट इंजीनियर उमाशंकर पाराशर के 4 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। जबलपुर से आई ईओडब्ल्यू की 15 सदस्यीय टीम नरसिंहपुर, आमगांव के पास बीनेर ग्राम और निवारी गांव में स्थित ठिकानों पर जांच कर रही है।

### पत्नी के नाम पर करोड़ की दो फैक्ट्री

आर्थिक अपराध अन्वेषण विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई मे जानकारी निकलकर सामने आई जिसमें बताया जा रहा है कि इंजीनियर उमाशंकर पाराशर की पत्नी के नाम पर करोड़ों की 2 फैक्ट्रियों का खुलासा हुआ है। कई बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले हैं। उमाशंकर पाराशर वर्तमान में कटनी के सिटी डिविजनल ऑफिस में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर पदस्थ्य हैं। वह पहले नरसिंहपुर में विजिलेंस विभाग में थे। एक साल पहले ही उनका तबादला कटनी हुआ था।

### आय से अधिक है संपत्ति

ईओडब्ल्यू द्वारा की जा रही जांच मे स्पष्ट हुआ कि तीन मकान, केमिकल और वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट है। डीएसपी एबी सिंह के मुताबिक शुरुआती जांच में पाराशर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के सबूत मिले हैं। उनके पास नरसिंहपुर स्थित विपतपुरा इलाके में एक मकान, रोसरा में दो अन्य घर, निवारी गांव में कॉमन बायो केमिकल फैक्ट्री और बीनेर ग्राम में स्थित मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट है। ये प्लांट पत्नी के नाम पर हैं। उक्त संबंध मे दस्तावेजो की जांच पड़ताल की जा रही है। अब देखना होगा कि आगे की जांच मे क्या सामने आता है।

### कागजात किए गए जब्त

आर्थिक अपराध अन्वेषण विभाग की टीम द्वारा सभी ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई कर सम्पत्ति से जुड़े दस्तोजों को जब्त किय गया। ईओडब्ल्यू की कार्रवाई जारी है। अधिकारियों द्वारा संपत्ति का आकलन कर रहे है। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई अभी जारी है। जल्द ही विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जांच टीम ने मकानों, फैक्ट्रियों और अन्य ठिकानों से दस्तावेज, संपत्ति विवरण और लेन-देन से जुड़े अहम कागजात जब्त किए गए हैं। सभी संपत्तियों का आकलन कर सूची तैयार की जा रही है। ज्ञात हो की नरसिंहपुर मे पदस्थ्य रहते पाराशर कई बार विवादित भी रहे।

### एमएलबी स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासन के निर्देशानुसार पीएमश्री महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप का आयोजन निरंतर जारी रहा। जिसमें डॉ. अनीता नेमा द्वारा छात्राओं को संगीतमय सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास कराया गया। वहीं मौक्षा नेमा द्वारा छात्राओं को ब्यूटी टिप्स एवं पार्लर से संबंधित जातकारी दी गई। तत्पश्चात श्रीमति सीमा शर्मा, श्रीमति ज्योति नेमा, श्रीमति निधि श्रीवास्तव द्वारा मध्यप्रदेश लोक चित्रकला के अंतर्गत गौड, चित्रकला, पिथौरा मांडना आदि का अभ्यास कराया गया, जिसमें छात्राओं ने सुंदर चित्रों का प्रदर्शन किया। समस्त कार्यक्रम प्राचार्य आशा नेमा एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रत्नेश कुमार नेमा के सफल निर्देशन में संचालित हुआ।



### शेढ़ नदी में बनाया 300 बोरी का बंधान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के कई ग्रामों से निकली नदी, नालों व झरनों में बोरी बंधान कर बहते जल को रोककर उसका उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत अंडिया- डोंगरगांव की शेढ़ नदी में जनसमुदाय की सहभागिता से 300 बोरी बंधान बनाया गया। बोरी बंधान के माध्यम से नदी में बहते पानी को रोका गया और तीन फुट पानी का ठहराव हुआ। पानी का ठहराव होने से किसानों, नागरिकों व पशु- पक्षियों को भरपूर पानी मिलेगा। यह कार्य विकासखंड नरसिंहपुर की नवांकुर संस्था ब्रह्मर्षि वशिष्ठ शिक्षण प्रशिक्षण एवं सेवा समिति नरसिंहपुर और नागरिकों की सहभागिता से किया गया है।

### गैस सिलेंडर लीक होने से मची अफरा तफरी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला सत्र न्यायालय परिसर में शनिवार दोपहर करीब 4 बजे गैस सिलेंडर लीक होने से अफरा-तफरी मच गई। किचन में रखे सिलेंडर से अचानक गैस लीक होने लगी और उसमें आग लग गई। मौके पर मौजूद लोगों की सूझबूझ से सिलेंडर को तुरंत किचन से बाहर निकाल दिया गया। नगरपालिका की दो फायर ब्रिगेड गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं। आग पर काबू पा लिया गया। आग से निकले धुएं के कारण कोर्ट परिसर में एक मधुमक्खी का छत्ता भी सक्रिय हो गया। हालांकि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। कोर्ट की किसी संपत्ति को भी नुकसान नहीं पहुंचा।

### लीनेस वीरांगना क्लब ने भारतीय सेना की सराहना

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लीनेस वीरांगना क्लब की अध्यक्ष सविता महोबिया एवं क्लब की सभी सदस्याओं ने भारत सरकार और भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए सिंदूर ऑपरेशन की सफलता पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस साहसिक अभियान के लिए भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए कहा आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसे समाप्त करने के लिए दुनिया के सभी देशों को एकजुट होकर काम करना चाहिए। क्लब की वरिष्ठ संरक्षक रूप कला कटारे, पूर्व एरिया ऑफिसर अर्चना राय, पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, उपाध्यक्ष ली. ममता नामदेव , सचिव ली.पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष ली. रजनी राजोरिया और अन्य प्रमुख सदस्याओं में रेनु नौरियां, प्रीति गोस्वामी उर्वशी पाठक, ज्योत्सना राय, पुष्पा साहू, नीता राय, प्रीति स्वामी, प्रीति राय, सोनल नामदेव, उपस्थित रहीं।



### चलती ट्रेन से कूदा यात्री घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पवन एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे। यात्री ने जबलपुर स्टेशन के पास छलांग लगा दी। मिली जानकारी के अनुसार सत्या नंद उम्र 18 वर्ष ने चप्पल उठाने के लिए चलती ट्रेन में छलांग लगा दी। यात्रियों द्वारा चेनपुलिंग कर गाड़ी को रोका गया। घायल अवस्था में बेहोश युवक को ट्रैक से बाहर निकाला गया। ट्रेन को नरसिंहपुर स्टेशन ले जाया गया। जहां पर रेलवे अस्पताल मे उपचार किया गया। डिप्टी स्टेशन सुपरिटेंडेंट ने ऑन ड्यूटी रेलवे चिकित्सक डॉ. आरआर कुर्रे को सूचना दी। उन्होंने तत्काल युवक का प्राथमिक उपचार किया। उन्होंने दोनों पैरों में लगी चोटों की ड्रेसिंग की और दवाएं दीं। डॉ. कुर्रे ने यात्रियों को चेतावनी दी कि चलती ट्रेन से उतरना या चढ़ना कानूनी अपराध है। यह यात्री की जान के साथ-साथ रेलवे प्रशासन के लिए भी समस्या पैदा करता है।



### कंपनी के कर्मचारियों ने 20 यूनिट रक्त का किया दान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले मे कार्यकरत विंध्यवासिनी माइनिंग कंपनी द्वारा सिविल अस्पताल गाडरवारा में अत्यंत आवश्यकता होने पर कंपनी के कर्मचारियों द्वारा 20 यूनिट रक्त का दान किया गया। जरूरतमंद व्यक्तियों के काम आएगा। उक्त मौके पर विंध्यवासिनी माइनिंग कंपनी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## भगवान श्री नरसिंह का प्रकटोत्सव पर विविध आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्री नरसिंह देव प्राकट्योत्सव को लेकर आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव कार्यक्रम पुरस्कार और सम्मान समारोह के बीच संपन्न हुआ। खेल प्रतियोगिताओं में जिले के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। वही श्री नरसिंह जयंती पर 11 मई को सुबह 5 बजे से देर रात तक कार्यक्रम होंगे। जिसमें सुबह 5:30 बजे से रामधुन, दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक भंडारा, शाम 4:30 बजे से वाहन रैली,शाम 6.50 बजे भगवान श्री नरसिंह का प्रकट उत्सव, महा आरती एवं रात 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन लोकगीत होंगे। वही खेल कूद गतिविधियों में व्हालीबाल, कबड्डी,खो खो,जूडो,बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। व्हालीबाल बालक विजेता नरसिंहपुर उपविजेता गोटेगॉव, बालिका वर्ग विजेता नरसिंहपुर उपविजेता बरमान,खो खो बालक विजेता यूनिटी क्लब नरसिंहपुर उपविजेता बरमान,बालिका खो खो विजेता बरमान उपविजेता डी सी सी नरसिंहपुर,कबड्डी बालक विजेता गोटेगॉव उपविजेता सी एम राइज स्कूल गोटेगॉव,बालिका वर्ग विजेता गोटेगॉव उपविजेता सी एम राइज गोटेगॉव, बैडमिंटन में विजेता बालक वर्ग 15 वर्ष कृष्णा छेतीजा,उपविजेता जयेश चलम, डबल्स विजेता देवराज पटैल, कृष्णा छेतीजा उपविजेता सक्षम कौरव,मृदुल सिमोन, बालिका विजेता अनिका तिवारी उपविजेता अन्वी यादव रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जालम सिंह पटैल, रामस्नेही पाठक, मनु किलेदार, प्रसून धौरेलिया, मिथलेश जाट, राघवेंद्र जाट, अंशुल नेमा, ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल संघो सेदेवेंद्र दुबे, लीलाधर पटैल, मृदुलेश दुबे, योगेश शर्मा, खेल अधिकारी सुनीता यादव, मनीष कटारे, बाबी जाट, अलकेश बम्हरोलिया, मनीष जाट रीतेश जाट आर बी उइके परितोष दुबे राजकुमार चैबे प्रवीण सिंघई, विजय विश्वकर्मा, शाकिर हुसैन, अंजिता वर्मा, उषा शैलोकर, विकास शर्मा, गेंढालाल पटैल, नीतू श्रीवास्तव, राधा चैधरी, विजय , निशा मिश्रा, उमाशंकर छिरा, प्रकाश रकेशिया, नीरज पटैल, शोभाराम दौहिया,दीपक पटवा,विजय सेन,रोहित विश्वकर्मा,यशवंत सिलावट, विवेक कहार, गौरव लोधी आदि उपस्थित रहे।

## मां का प्रतिबिंब होती हैं संतान की थीम पर आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** हर साल मई माह के दूसरे रविवार दुनिया भर में मातृशक्तियों का सम्मान करने मातृ दिवस मनाया जाता। क्योंकि सम्पूर्ण संसार मां की वजह से ही कायम और अनवरत आगे बढ़ रहा है। मातृत्व एक वरदान जिसे पाकर नारी अपने आपको सम्पूर्ण समझती। माँ की ममता को सम्मान देने काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की संचालिकाओं सुश्री इंदु सिंह एवं नमिता जनोरिया ने इंटरनेशनल मदर्स डे पर मां का प्रतिबिंब होती संतान थीम पर विशेष आयोजन किया। जिसमें सभी प्यारी-प्यारी मम्मियों ने अपने प्यारे-प्यारे बच्चों को साथ लेकर ममता से भरे गीतों पर आकर्षक व भावपूर्ण मिरर डांस प्रस्तुत कर थीम को सार्थक बना दिया। मिरर डांस एक अद्भुत नृत्य होता जिसमें दो या दो से अधिक नर्तक एक दूसरे की भाव-भंगिमाओं को प्रतिबिंबित करते हुए नृत्य करते हैं। दरअसल, मिरर डांस में नर्तक एक दूसरे की गतिविधियों को देखकर और उनकी नकल करके एक सामंजस्यपूर्ण और समन्वित प्रदर्शन प्रस्तुत करते हैं। इस नृत्य शैली में नर्तकों के बीच समन्वय, तालमेल और संचार की आवश्यकता होती जो एक मां और बच्चे के मध्य स्वाभाविक रूप से ही पाई जाती है। इसलिए सभी मां और बच्चों ने इस चुनौतीपूर्ण नृत्य शैली को अपने कौशल और समन्वय से अभूतपूर्व और दर्शनीय बना दिया। काया की ब्यूटीफुल मदर्स और किड्स की जोड़यिों नमिता जनोरिया-ओजस्वी, पूजा साहू- अमायरा, अंकिता जुनेजा-प्रत्यूष, ताशी हीरानी-कायना और अनिका, पूनम धुर्वे-महक, उर्वशी पाठक-वेदिका, श्रद्धा नेमा-आराध्या और पार्थ, शिवांगी साहू-अर्णव और आरती सिंह-जूही ने मिरर डांस के माध्यम से न केवल, अपने रिश्तों के बीच के संतुलन बल्कि, मा और बच्चे की केमिस्ट्री को खूबसूरती से दर्शाया। इसके पूर्व काया की समस्त मातृशक्तियों नीता भारद्वाज, कनक चावला, अलंकृता, रानू श्रीवास्तव, राजकुमारी अहिरवार, प्रीति पटेरिया, सोनल नेमा, वीणा वंशकार, कीर्ति पालीवाल आदि ने आपरेशन सिंदूर को कामयाबी दिलाने वाले भारतमाता के लाडले देश के सैनिकों के प्रति आभार व सम्मान दर्शाने के लिए वंदे मातरम गीत से अपनी देशभक्ति की भावनाओं को प्रदर्शित किया।

## कृषि उपज मंडी में चल रहे दुकानों के निर्माण में गुणवत्ता को विधायक ने लगाई फटकार



### संबंधित मंत्री को फोन पर दी वस्तुस्थिति की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज तेंदूखेड़ा ।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में चल विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर चर्चाएं व्याप्त है।इसी श्रंखला के चलते तेंदूखेड़ा कृषि उपज मंडी परिसर दुकानों के निर्माण कार्य चल रहे हैं जिससे गुणवत्ता को ताक पर रखा गया है। निर्धारित मापदंडों को ताक पर रखा गया है। और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।जिसकी शिकायतें लगातार मिल रही थी जिसे दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को जनसुनवाई के उपरांत विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने बगैर किसी को बताये सीधे मंडी परिसर में जाकर निरीक्षण किया। निर्माण के दौरान व्यापक स्तर पर मिली खामियों को लेकर गहरा ऐतराज जताया और तत्काल संबंधित विभाग के मंत्री को फोन पर जानकारी दी। मौके पर ही वरिष्ठ सक्षम अधिकारी को बुलाकर पंचनामा बनवाया जिसमें मंडी सचिव इंजीनियर अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। पंचनामा में स्पष्ट किया गया है कि घटिया सीमेंट लोहा और रेत भी ठीक नहीं है।ऐसी स्थिति में दुकान शेडो का होगा क्या। विचारणीय प्रश्न तो यह भी है कि आरक्षण के आधार पर इन दुकानों की नीलामी की गई। मंडी के द्वारा जरूरत से ज्यादा राशि भी ली। और एक निर्धारित समय के लिए दुकानों का आवंटन भी किया है। लेकिन घटिया निर्माण के आगे कब तक इन दुकानों में बैठ पाएंगे। इसकी निष्पक्ष जांच की जायेगी और दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाये।